ATTACHING OF BOGIE TO PATHANKOT AND HOWRAH EXPRESSES FROM JALGAON TO BOMBAY

5310. SHRI SAYYAD ALI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that for want of accommodation in the Pathankot and Howrah Expresses at Jalgaon, passengers are inconvenienced and sometime they do not even undertake the journey;

(b) if so, whether Government propose to attach a bogie to each of these trains on their journey to Bombay and back from Jalgaon?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): (a) Some overcrowding has been noticed by these trains as per census conducted in November 1967.

(b) No, but additional accommodation to the extent of 2 coaches has been made available on this section by 57 Dn./58 Up Bombay-Pathankot Expresses from 1-2-68.

मछली का निर्यात

5311. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965-66 और 1966-67 में मछली तथा मछली से बनी वस्तुओं का कितना निर्यात किया गया;

(ख) इनका निर्यात किन देशों को किया गया; और

(ग) उससे कितनी विदेशी मुद्रा का अर्जन किया गया और वर्ष 1968-69 में मछली तथा मछली से बनी वस्तुओं का कितना निर्यात किये जाने की सम्भावना है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी) : (क) मछली तथा मछली से बनी वस्तुओं के निर्यात की मात्रा निम्नलिखित है:—

वर्ष	मात्रा लाख किग्रा० में
1965-66	145
1966-67 . .	202

(ख) जिन देशों को निर्यात किया गया उनमें मुख्य देश ये हैं—सं० रा० अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका तथा जापान ।

(ग) कमाई गई विदेशी मुद्रा की राशियां निम्नलिखित हैं:—

वर्ष	मूल्य करोड़ रु० में
1965-66 . .	6.59
1966-67 . .	16.39

1968-69 के लिए मात्रा के हिसाब से कोई निर्यात लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है परन्तु आशा है कि 1968-69 में लगभग 27 करोड़ रुपये के समुद्री उत्पादों का निर्यात किया जायेगा ।

रेलवे स्टेशन पर जारी किए गए पहले दर्जे के टिकट

5312. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 10 फरवरी, 1968 को लखनऊ रेलवे स्टेशन पर पहले दर्जे के कितने टिकट जारी किये गये थे और वे टिकट किन-किन स्टेशनों के लिये जारी किये गये थे;

(ख) किन व्यक्तियों तथा कितने व्यक्तियों के लिये तथा किन स्टेशनों के लिये स्थान आरक्षित किये गये थे; और

(ग) उपरोक्त टिकटों में से गैर-सरकारी तथा सरकारी व्यक्तियों के लिये जारी किये गये पी० टी० ओ० तथा आर० टी० ओ० टिकटों के आरक्षण समेत नम्बर क्या थे ?